नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 05-09-2019

# प्रकाशनार्थ
## (डॉ. आर.पी. सिंह को गुरु श्रीगोरक्षनाथ शिक्षक सम्मान)

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सेन्ट एन्ड्रयूज डिग्री कालेज के भौतिकी विभाग के वरिष्ठ आचार्य **डॉ. आर. पी. सिंह** को **''गुरु श्रीगोरक्षनाथ शिक्षक सम्मान''** दिया गया। इस अवसर पर शिक्षको एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थी की सफलता के तीन आसान मंत्र समर्पण, अनुशासन एवं कार्यनिष्ठा है। इन तीन मंत्रों का निरन्तर अभ्यास विद्यार्थी को उसके क्षेत्र के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने में समर्थ है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि शिक्षक एक दिन में नही वरन अपने निरन्तर दीर्घकालिक प्रयासो से आदर्श बनता है। आज की तिथि में अपने कार्यों एवं कर्मों से प्रतिमान स्थापित कर सकने वाले शिक्षक समाज में निरन्तर कम होते जा रहे हैं। ऐसे में अपने 40 वर्षीय दीर्घ अध्यापन काल में डॉ. आर. पी. सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में जो अतुल्य योगदान दिया है, वह सभी शिक्षकों के लिए अनुकरणीय है। एक शिक्षक के रुप में डॉ. आर.पी. सिंह का सामाजिक एवं शैक्षिक जीवन शैक्षिक जगत के लिए इंगित करने योग्य है। ऐसे आदर्श शिक्षक को शिक्षक दिवस पर सम्मानित करते हुए महाविद्यालय हर्षित एवं गौरवान्वित हो रहा है।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**